**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding implementation issues pertaining to PMAY-G in Gadchiroli-Chimur Parliamentary Constituency-laid.

**श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर):** माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के सभी आवासविहीन नागरिकों को वर्ष 2022 तक आवास सुलभ कराए जाने हेतु संकल्प लिया है, जो स्वागतयोग्य है और इसके लिए सभी देशवासी केन्द्र सरकार के आभारी है।

लेकिन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी खराबी होने की वजह से मेरे संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमूर, जो एक आदिवासी बाहुल्य नक्सलवाद से पीड़ित क्षेत्र है, के ग्राम वाघौली बुटी के आवास लाभार्थियों के नाम ग्राम व्याहाड खुर्द और सावली पंचायत समिति के ग्राम चान्दागढ़ के ग्राम टेकाड़ी और ग्राम मानकपुर व ग्राम चक मानकापुर के ग्राम मेटेगांव में दर्शाए जाने की वजह से इन लाभार्थियों के लिए स्वीकृत किए गए आवास उन्हें अब तक नहीं मिल सके हैं। इस तरह की स्थिति अन्य ग्रामों के लाभार्थियों की भी है, जिस कारण वे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की सुविधा से वंचित हो रहे हैं।

दूसरे, मेरे संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमूर के जिन पात्र ग्रामीणों के नाम प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के 'ब' वर्ग में त्रुटिवश अपात्र घोषित कर दिए गए थे, उन्हें संशोधित करते हुए 'ब' वर्ग में पात्र घोषित किया गया है, लेकिन ऑनलाइन सोफ्टवेयर द्वारा इस संशोधन को स्वीकार न किए जाने के परिणामस्वरूप आवास के लिए पात्र ग्रामीण माननीय प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से वंचित हो रहे हैं।

अतः इस संबंध में, मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उपरोक्त संदर्भ में केन्द्रीय मंत्रालय स्तर पर मॉनिटरिंग करवाकर सकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि आदिवासी बाहुल्य गडचिरोली-चिमूर संसदीय क्षेत्र के सभी पात्र गरीब ग्रामीणों को प्रधानमंत्री

ग्रामीण आवास योजना का लाभ सुनिश्चित हो सके और वे राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ सके।